उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज

पत्रांक : 2285 /चयन/2021–22 दिनांक 31.10.2021

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–02/2021 प्रवक्ता विषयों की लिखित परीक्षा दिनांक 17 व 18 अगस्त, 2021 को सम्पन्न हुई थी। प्रवक्ता इतिहास (बालिका वर्ग) विषय की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 29.10.2021 व 30.10.2021 को आयोजित किया गया था। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम–12(8) के अन्तर्गत इस विषय का पैनल आज दिनांक 31.10.2021 को घोषित किया जाता है।

घोषित पैनल के कालम 'SELECTION AS' में जिनके सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST/EWS) अंकित नहीं है, वे 'रिक्तियों की संख्या से अधिक' के अन्तर्गत प्रदर्शित हैं तथा चयनित अभ्यर्थी की श्रेणी में नहीं है। घोषित पैनल के कालम 'SELECTION AS' में जिनके नाम के सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST/EWS) प्रदर्शित है, उनका संस्था आवंटन रिक्तियों की संख्या के अनुरूप चयनबोर्ड नियमावली, 1998 के नियम–12 (10) के अनुसार बोर्ड द्वारा किया जायेगा।

अभ्यर्थियों द्वारा उ०प्र० माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम 12 (9) में दी गयी व्यवस्था के अनुसार साक्षात्कार के समय विज्ञापित संस्थाओं की अधिमानता आनलाइन भरी गयी थी। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदित आरक्षण श्रेणी का ही विद्यालय संस्था आवंटन हेतु तत्समय प्रदर्शित किया गया था। अन्तिम चयन परिणाम में आरक्षित श्रेणी के जो अभ्यर्थी मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयनित हुये हैं उनकी सामान्य श्रेणी की संस्था की अधिमानता न होने के कारण वह अब शून्य हो जायेगी। **अतएव आरक्षित श्रेणी (OBC/SC/ST) के ऐसे अभ्यर्थी जो मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में चयनित है, उन्हें सामान्य श्रेणी की संस्था की अधिमानता का आनलाइन विकल्प प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 31.10.2021 रात्रि 09:00 बजे तक का समय प्रदान किया जाता है। अधिमानता आनलाइन भरने का लिंक चयन बोर्ड की अधिकारिक बेवसाइट www.upsessb.org पर उपलब्ध है जिस पर जाकर अभ्यर्थी अपनी अधिमानता भर सकते हैं।**

31-10-2021

नवल किशोर

उपसचिव/परीक्षा नियन्त्रक